पौड़ी गढ़वाल से बड़ी खबर : प्रधान के भाई ने क्वारंटीन सेंटर में की खुदकुशी

May 28, 2020

पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल ब्लॉक से बड़ी खबर सामने आ रही है। जी हां खबरों के अनुसार पौड़ी के द्वारीखाल ब्लॉक निवासी एक युवक ने क्वारंटीन सेंटर में खुदकुशी कर ली है। इस घटना से स्वास्थ्य विभाग समेत प्रशासन हिल गया है। साथ ही गांव के लोगों में सनसनी फैल गई है वहीं मौके पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मिली जानकारी के अनुसार द्वारीखाल ब्लॉक के जसपुर गांव के प्रधान का भाई संदीप बीते दिनों मुजफ्फरनगर से गांव लौटा था जिसे गांव में क्वारंटीन किया गया था। वहीं आज मंजर देख सभी हैरान रह गए। पाया गया कि प्रधान के भाई संदीप नें फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी के कारण का पता नहीं चल पाया है मौके पर पहुंची टीम छानबीन कर रही है।

मृतक की उम्र 38 साल बताई जा रही है जो की ग्राम प्रधान का भाई था और बीते दिनों मुजफ्फरनगर से लौटा था। पुलिस छानबीन में जुटी है कि आखिर किस कारण संदीप ने खुदकुशी की। लगातार क्वारंटीन सेंटरों में हो रही मौतों से प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर लापरवाही क्यों बरती जा रही है। बीते दिन नैनीतालमें 4 साल की मासूम की सांप के काटने से मौत हो गई थी। वहीं पौड़ी में भी तीन युवकों की मौत क्वारंटीन सेंटरों में हुई हालांकि उनको गंभीर बिमारी भी थी।